# स्वास्थ्य बीमा और आपकी गोपनीयता

स्वास्थ्य बीमा में नामांकन के लिए लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की न्यूयॉर्क शहर स्वास्थ्य विभाग कानून की पूरी सीमा तक सुरक्षा करता है। **हालाँकि**, 2026 से, संघीय Medicaid एजेंसी अप्रवासन प्रवर्तन में सहायता के लिए अमेरिकी अप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (U.S. Immigration and Customs Enforcement, ICE) के साथ कुछ जानकारी साझा कर रही है, जिसमें कुछ नामांकित व्यक्तियों के नाम और पते शामिल हैं।

वर्तमान में यह केवल उन लोगों पर लागू होता है जिनके पास वैध अप्रवासन स्थिति नहीं है, जैसे कि वे लोग जो केवल Emergency Medicaid के लिए पात्र हैं और Medicaid में नामांकित कुछ लोग। वर्तमान में यह उन लोगों पर लागू **नहीं** होता है जिनके पास वैध स्थायी निवासी (ग्रीन कार्ड) का दर्जा है या जिनके पास वैध वीज़ा है, जो शरणार्थी हैं, आश्रय प्राप्तकर्ता हैं, और कुछ अन्य लोग हैं।

न्यूयॉर्क शहर स्वास्थ्य विभाग का स्वास्थ्य बीमा नामांकन परामर्शदाता आपको स्वास्थ्य बीमा के लिए साइन अप करने के जोखिमों और लाभों पर सलाह दे सकता है। यदि आप स्वास्थ्य बीमा के लिए साइन अप करने की प्रक्रिया में आगे नहीं बढ़ना चाहते हैं, तो एक नामांकन परामर्शदाता आपको न्यूयॉर्क शहर में किफ़ायती स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच के लिए अन्य विकल्प प्रदान कर सकता है।

यह एक बदलती हुई स्थिति है। अधिक जानने के लिए, **nyc.gov/immigranthealth** पर जाएँ।

4.26 Hindi